# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : मुख्य परीक्षा–2021 / 3670
दिनांक : 27.03.2021

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत स्नातक स्तरीय बी0ए0, बी0काम0 (संस्थागत / व्यक्तिगत), बी0एस–सी0, बी0एस–सी0 फिजिकल एजूकेशन हैल्थ एण्ड स्पोर्ट्स (संस्थागत) तथा स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित एम0ए0 / एम0काम0 (व्यक्तिगत) पाठ्यक्रमों की सत्र 2020–21 (मुख्य परीक्षा / भूतपूर्व छात्र परीक्षा / एकल विषय / श्रेणी उन्नयन) एवं सत्र 2019–20 (केवल प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) की बैक पेपर परीक्षा–2020 की परीक्षायें शीघ्र दिनांक 10.04.2021 से प्रारम्भ करायी जानी हैं।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत ऐसे छात्र / छात्रायें जिन्होंने अपना परीक्षा फार्म भर दिया है तथा परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा कर दिया है। ऐसे छात्र / छात्रायें विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित महाविद्यालय / संस्थान में सन्दर्भित परीक्षा फार्म को **समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित ऑन लाईन सत्यापन किये जाने हेतु सन्दर्भित महाविद्यालय / संस्थान में दिनांक 01.04.2021 तक जमा कर सकते हैं।**

उक्त के अतिरिक्त सन्दर्भित महाविद्यालयों / संस्थानों परीक्षा फार्मों की अर्हता जाँचने के उपरान्त **एन0आर0 सहित समस्त परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनांक 05.04.2021 तक जमा करा सकते हैं।**

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय / संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय / लेखा / सामान्य / कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र / सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक